## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत गठित समिति की दिनांक 16.02.2026 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त

पत्रांक– / / दिनांक

जनपद फर्रूखाबाद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक दिनांक 16.02.2026 को आहूत हुई। समीक्षा बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण निम्नवत् हैः–

1. जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद । (अध्यक्ष)
2. मुख्य विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। (उपाध्यक्ष)
3. परियोजना निदेशक, फर्रूखाबाद । (आमंत्रित सदस्य)
4. जिला विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। (सदस्य)
5. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद। (सदस्य सचिव)
6. श्री सिद्धार्थ बिसवल, डी0पी0एम0, मै0 बी0एल0जी0, कस्ट्रक्शन सर्विसेज प्रा0लि0,फर्रूखाबाद। (टी0पी0आई0)
7. श्री वीकेश, डी0पी0एम0यू0 फर्रूखाबाद । (डी0पी0एम0यू0)
8. श्री अशोक शर्मा, पी0एम0, मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0, हैदराबाद। (निर्माण एजेन्सी)
9. श्री अशोक सिंह, पी0एम0, मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0, हैदराबाद। (निर्माण एजेन्सी)
10. श्री अनुराग द्विवेदी, पी0एम0, मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0, नोएडा। (निर्माण एजेन्सी)

1. सर्व प्रथम अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–2 एवं फेज–3 में कराये जा रहे समस्त कार्यो की प्रगति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया। दोनों एजेंसियों द्वारा कराये गये कार्यो की प्रगति का विवरण निम्नवत् है–

| फर्म का नाम | कम्पोनेंटस | लक्ष्य | प्रगति दिनांक 16.01.2026 तक | प्रगति दिनांक 16.02.2026 तक |
|---|---|---|---|---|
| मै0 जी0वी0पी0 आर0 | आर0सी0सी0 टैंक | 27 | 21 | 21 |
| | जिंक एलम टैंक | 200 | 31 | 41 |
| | पेयजल आपूर्ति | 227 | 182 | 183 |
| | हर घर जल प्रमाणीकरण | 399 रा0ग्रा0 | 57 | 61 |
| | गृह संयोजन | 116732 | 105785 | 111579 |
| **फर्म का नाम** | **कम्पोनेंटस** | **लक्ष्य** | **प्रगति** | **प्रगति** |
| मै0 वी0टी0एल0 गजा | आर0सी0सी0 टैंक | 154 | 147 | 147 |
| | पेयजल आपूर्ति | 151 | 86 | 93 |
| | हर घर जल प्रमाणीकरण | 316 रा0ग्रा0 | 96 | 141 |
| | गृह संयोजन | 81751 | 75688 | 80524 |

2. अधोहस्ताक्षरी द्वारा मै0 जी0वी0पी0आर0 की योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गई साथ ही निर्माण कार्यो को जल्द से जल्द अवश्यकतानुसार श्रमशक्ति लगाते हुये ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।
3. मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0 के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अनुराग द्विवेदी द्वारा प्रगति से अवगत कराया गया जिसमें 154 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष 148 नग उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण बताया गया जबकि 03 नग क्रमशः नगला दाउद विकास खण्ड कमालगंज, पथरामई विकास खण्ड कायमगंज एवं अलियापुर विकास खण्ड शमसाबाद योजनाओं पर विवादित भूमि के कारण योजना से संबंधित कार्यो को प्रारम्भ कराना संभव नही हो पा रहा है जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद को संबंधित विभागो से समन्वय स्थापित कर विवादित भूमि का निस्तारण जल्द से जल्द कराने का हेतु निर्देशित किया गया ।



Scanned with OKEN Scanner

4. अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद में कार्यरत एजेंसी मै0 जी0वी0पी0आर0 एवं मै0 वी0टी0एल0 गजा के प्रोजेक्ट मैनेजर से जल जीवन मिशन के कार्यो को पूर्ण करने की अवधि पूँछी गई जिस पर मै0 वी0टी0एल0 गजा के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अनुराग द्विवेदी द्वारा माह अप्रैल, 2026 तक समस्त पेयजल योजनाओ को पूर्ण करने हेतु आश्वासन दिया गया जबकि मै0 जी0वी0पी0आर0 के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अशोक शर्मा द्वारा कार्यो की प्रगति बढाते हुये जल्द से जल्द कार्यो को पूर्ण करने हेतु आश्वासन दिया गया।
5. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रूखाबाद द्वारा मै0 जी0वी0पी0आर के 111579 नग गृहसंयोजन एवं 61 नग हर घर जल तथा मै0 वी0टी0एल0 गजा के 80524 नग गृहसंयोजन एवं 141 नग हर घर जल की प्रगति से अवगत कराया गया जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) से पूँछा गया कि गृहसंयोजनो को किसके द्वारा सत्यापित किया जाता है जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यरत टी0पी0आई0 एवं डी0पी0एम0यू0 द्वारा एजेंसी द्वारा लगाये गये गृहसंयोजनो को शत्प्रतिशत् सत्यापित किया जाता है।
6. अधोहस्ताक्षरी द्वारा टी0पी0आई0 एवं डी0पी0एम0यू0 को गृहसंयोजनों का शत्प्रतिशत स्थलीय निरीक्षण कर सत्यापन करने हेतु निर्देशित किया गया ।
7. अधोहस्ताक्षरी द्वारा मै0 जी0वी0पी0आर0 द्वारा 62 नग एवं मै0 वी0टी0एल0 गजा द्वारा 147 नग उच्च जलाशय का कार्य शत्प्रतिशत पूर्ण हो गया है की एल्वम तैयार करने हेतु अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रूखाबाद को निर्देशित किया गया साथ ही पूर्ण योजनाओं के 04–04 फोटो को एल्वम में लगाने हेतु भी निर्देशित किया गया।
8. अधोहस्ताक्षरी द्वारा विगत 06 माह की असंतुष्ट आई0जी0आर0एस0 को पुनः सत्यापन कर प्रत्येक शिकायतकर्ता से पुनः वार्ता कर फीडबैक लेने हेतु अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रूखाबाद को निर्देशित किया गया।
9. अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यरत दोनो एजेंसियों को किसी भी दशा में गृहसंयोजनों को शत्प्रतिशत घरो के अन्दर करने हेतु निर्देशित किया गया ।
10. अधोहस्ताक्षरी द्वारा आई0जी0आर0एस0 तथा जल जीवन मिशन के कार्यो की पुनः निश्चित समय अन्तराल समीक्षा कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रूखाबाद को निर्देशित किया गया।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
**"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति**
**फर्रूखाबाद**

# कार्यालय जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद।

पत्रांक– 340 / m-08 /58 दिनांक 21-2-2026

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार**

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद।
4. जिला विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रूखाबाद।
6. मै0 मेधज टैक्नो कोन्सेप्ट, डी0पी0एम0यू0, फर्रूखाबाद।
7. मै0 बी0एल0जी0, कस्ट्रक्शन सर्विसेज प्रा0लि0 टी0पी0आई0, फर्रूखाबाद।
8. मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0, हैदराबाद।
9. मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0लि0 जे0वी0, नोएडा।

19/02/26

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
**"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति**
**फर्रूखाबाद**

Scanned with OKEN Scanner